बस ने 3 बाइक युवकों को टक्कर मारी, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 3 दिसंबर। एनएच-552 हाईवे पर मुरैना-जौरा के बीच रामचंद्र का पुरा के सामने एक यात्री बस ने बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार

जौरा थाना क्षेत्र में एनएच-552 हाईवे पर रामचंद्र का पुरा के पास हादसा

दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सिकरवार ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी06-पी-1054 बुधवार की शाम करीब पांच बजे सवारियां लेकर मुरैना से जौरा के लिए रवाना हुई थी। यात्री बस जब एनएच-552 हाईवे पर बिलगांव और रामचंद्र का पुरा के बीच पेट्रोलपंप के सामने पहुंचीं थी, तभी यात्री बस की सामने से आ रही मोटरसाईकिल से भिड़ंत हो गईं। हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई।

सूचना मिलने के बाद जौरा थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें और तीनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद बस को मौके पर ही छोड़कर ड्राईवर भाग निकला था। बस को जब्त कर पुलिस थाने में रखवाया गया है। तीनों मृतक कौन थे, यह ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है।

मारपीट के मामले में 5 अभियुक्तों को 2-2 वर्ष सश्रम कैद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। शहर मुरैना के सराफा बाजार में दुकान को लेकर हुए विवाद में सराफा कारोबारी की लाठी, सरियों से मारपीट किए जाने के अपराध में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना ने 5 अभियुक्तों को दोषी मानते हुए 2-2 वर्ष सश्रम कारावास और सात-सात हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने की।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना का फैसला, प्रत्येक अभियुक्त पर ठोका 7-7 हजार जुर्माना

अभियोजन अधिकारी / मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि मुरैना शहर के सराफा बाजार में 15 मार्च 2017 को व्यवसाई बंटी गोयल की दुकान खाली करने को लेकर हुए विवाद में कसान राठौर पुत्र गादीपाल नि. राठौर कॉलोनी, महेश पुत्र विधिचंद्र राठौर नि. महावीरपुरा, श्यामसुंदर पुत्र तुलाराम राठौर नि. गर्ल्स स्कूल रोड, सोनू पुत्र रमेश राठौर नि. माधौपुरा और रमेश पुत्र तुलाराम राठौर नि. माधौपुरा मुरैना ने लाठी, सरियों से मारपीट कर डाली थी। घटना को लेकर सिविल लाईन थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। न्यायालय में मामले की ट्रायल के दौरान न्यायाधीश ने अभियुक्तों को दोषी करार दिया और सभी पांच अभियुक्तों को 2-2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 7-7 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है।

सीईओ पहुंचे डीईओ दफ्तर-डाइट, 11 मिले अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। सीईओ जिला पंचायत मुरैना कमलेश कुमार भार्गव ने बुधवार की सुबह 10.26 बजे डाइट मुरैना एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कई अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए।

अनुपस्थित मिले अधिकारी-कर्मचारियों में एडीपीसी महेश मावई, योजना अधिकारी जितेन्द्र सिंह परमार, हाकिम सिंह पचौरिया, राजवीर कश्यप, विजेन्द्र सिंह तोमर, विजय प्रताप सिंह तोमर, सहायक ग्रेड-3 सुनील कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, पानसिंह, राजेश शर्मा, भानु पचौरी शामिल हैं। इसी क्रम में कार्यालय

गैरहाजिर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट मुरैना के निरीक्षण के दौरान गणक सुशील कुमार कुलश्रेष्ठ ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए जाने पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

मुरैना की ऐतिहासिक धरोहरें अद्भुत व दर्शनीय : गुलशन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। रोटरी अंर्तराष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट-6490 के पांच सदस्यीय डेलीगेशन ने 2 एवं 3 दिसंबर को मुरैना जिले का भ्रमण किया। इस डेलीगेशन में शामिल सभी रोटेरियन अमेरिकी मूल से थे। उन्होंने मुरैना जिले के पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण किया और दो दिन स्थानीय रोटेरियन के घरों में रहकर चंबल की संस्कृति को जाना और स्थानीय खानपान का जायजा लिया।

डेलीगेशन में शामिल रहे अमेरिकी रोटेरियन ने जिले में प्राचीन शनिदेव मंदिर, पढ़ावली, मितावली, बटेसुरा, ककनमठ स्थित शिव मंदिर आदि पुरा स्थलों का भ्रमण किया। पुरा स्थलों का देखकर अमेरिकी रोटेरियन विस्मय से भर गए। उन्होंने कहा

अमेरिकी रोटेरियन ने चंबल के खानपान और गजक की भरपूर प्रशंसा की

कि वाकई मुरैना जिले की ऐतिहासिक अद्भुत और दर्शनीय है। डेलीगेशन के मुरैना आगमन पर रोटरी मुरैना, रोटरी चंबल और रोटरी रॉयल्स के सदस्यों ने अगवानी की। 2 दिसंबर की शाम फैलोशिप डिनर हुआ। जिसमें

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ मुख्य रूप से उपस्थित थे। 3 दिसंबर को मुरैना जिले से रवाना होने से पहले डेलीगेशन ने घड़ियाल केन्द्र और चंबल सफारी का अवलोकन भी किया।

रोटरी के सेवाकार्यों को देखने पहुंचा डेलीगेशन : अमेरिकन डेलीगेशन ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों को देखा। डेलीगेशन में शामिल सदस्यों ने स्थानीय वृद्धाश्रम, रोटरी सिलाई केन्द्र, रोटरी प्रतीक्षालय, रोटरी हैप्पी स्कूल आदि का भ्रमण कर सेवा कार्यों का जायजा लिया।

डेलीगेशन के साथ रोटरी के यह पदाधिकारी रहे मौजूद : टूर कॉर्डिनेटर डॉ. संजीव बांदिल, आनंद गुप्ता, निखिल बंसल, प्रमोद कुलश्रेष्ठ, अभय परमार, कौशल सिंघल, डॉ. अंबरीश शर्मा, करतार राजपूत, चैतन्य कुलश्रेष्ठ, आकाश चांदिल, सौरभ गुलाटी, प्रकाश अग्रवाल, दीपक मोदी, चैतन्य कपूर, शिवकुमार गर्ग, कमल गोयल, कपिल गुप्ता आदि डेलीगेशन के साथ भ्रमण सहित अन्य कार्यक्रमों में साथ रहे।

अतिक्रमण हटाने के दौरान सब्जी विक्रेता पर गिरी एंगल, हुआ जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार सीताराम वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को शहर की थोक सब्जी मंडी में ऑक्शन प्लेटफॉर्म से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के

तहसीलदार के नेतृत्व में थोक सब्जी मंडी में हुई कार्रवाई

दौरान जेसीबी मशीन से टकराकर एक लोहे की एंगल टूटकर सब्जी विक्रेता के ऊपर आ गिरी, जिससे उसके सिर में चोट लगी और वह लहूलुहान हो गया।

तहसीलदार सीताराम वर्मा के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी की टीम बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे थोक सब्जी मंडी पहुंचीं। टीम ने यहां जेसीबी मशीन की मदद से सब्जी विक्रेताओं द्वारा ऑक्शन प्लेटफॉर्म्स पर बांस के घेरे और लोहे की तार फेंसिंग के माध्यम से किए गए अतिक्रमणों को हटाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद सब्जी विक्रेताओं ने मंडी प्रशासन पर मनमानी और कार्रवाई में भेदभाव करने के आरोप लगाते हुए तहसीलदार श्री वर्मा को घेर लिया। तहसीलदार श्री वर्मा की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और स्थिति पर काबू पाया।

जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान लोहे की एंगल वहां खड़े सब्जी व्यापारी के पुत्र सोनू पुत्र जीतू राठौर के सिर पर आकर गिरी, जिससे वह लहुलुहान हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

कंजर्वेशन आर्किटेक्टस पहुंचें शनि मंदिर, किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। शनि मंदिर परिसर के नियोजित विकास एवं संरक्षण को लेकर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण किया गया। इस उद्देश्य से दिल्ली से आमंत्रित कंजर्वेशन आर्किटेक्ट करण जैन एवं श्रीमती तपस्या सामल द्वारा कलेक्टर के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर के समग्र विकास, संरक्षण एवं आगामी निर्माण कार्यों को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विकास कार्य मंदिर की मूल संरचना एवं धार्मिक महत्व को

बनाए रखते हुए किए जाएंगे। कंजर्वेशन आर्किटेक्टों द्वारा विकास संबंधी तकनीकी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एडीएम अश्विनी कुमार रावत उपस्थित रहे। भ्रमण के उपरांत संबंधित विभागों को आवश्यक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

सेवानिवृत्ति पर हवलदार रामबरन को दी समारोहपूर्वक विदाई

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद पुलिस सेवा से निवृत्त होने पर हवलदार रामबरन शर्मा को साथी कर्मचारी

पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ समारोह का आयोजन

एवं अधिकारियों ने समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह का आयोजन पुलिस लाईन परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। समारोह में हवलदार श्री शर्मा के परिवारीजन एवं रिश्तेदार भी शामिल हुए।

समारोह में पुलिस अधिकारियों ने हवलदार रामबरन शर्मा के सेवाकाल की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने और समाजसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। कठिन हालातों में भी उन्होंने धैर्य और साहस का परिचय देकर पुलिस विभाग की छवि को मजबूत बनाया। समारोह में अधिकारी, सहकर्मियों ने श्री शर्मा को पुष्पहार पहनाए और शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विदाई लेते हुए रामबरन शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे समाजसेवा के कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे। समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, परिजन, सामाजिक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

22 पंचायतों के सचिवों पर 36 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 दिसंबर। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा लोकसेवा गारंटी अधिनियम-2010 के अंतर्गत समयबद्ध सेवाओं की सतत निगरानी करते हुए सेवा प्रदाय में विलंब करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न तिथियों पर प्राप्त प्रकरणों की जांच उपरांत कुल 22 आदेश जारी करते हुए दोषी पाए जाने पर जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों की 22 ग्राम पंचायतों के सचिवों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई है। इन पंचायतों के सचिवों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई है। इन 22 सचिवों पर कुल 36 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

इन पंचायत सचिवों में ग्राम पंचायत गुढाचंबल के पंचायत

लोकसेवा गारंटी में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर की कार्यवाही

सचिव आदिराम सिकरवार पर एक हजार, विण्डवा देवगढ़ सचिव दिनेश शर्मा पर 2500, लौहबसई सचिव वीरेन्द्र यादव पर 2 हजार, दुल्हैनी के नरेन्द्र जौनवार पर 1500, बिलगांव चौधरी के सचिव अमर सिंह बघेल पर 3750, बघौराखुर्द सचिव बनवारीलाल सविता पर 750 रूपये, छैरा पंचायत सचिव सतीश यादव पर 500, पहाड़गढ़ पंचायत सचिव रामनाथ बाथम पर 1500, जपं पहाड़गढ़ की मानपुर पंचायत सचिव सुभाष शाक्य पर 2500, नरहोली पंचायत सचिव नरेश सिकरवार पर 1 हजार, सिंगरौली के मुंशी कुशवाह पर 500, पोरसा जपं की दोहर्रा पंचायत सचिव बड़ेसिंह तोमर पर 750 रूपये, कौंथरकलां सचिव गोविंद शर्मा पर 2500, कुरैठा के सचिव रणवीर तोमर पर 3750, अझेड़ा पंचायत सचिव भीकम सिंह पर 1250, अर्रोन सचिव मुन्नीलाल पर 750, डोंडरी सचिव श्यामसुंदर शर्मा पर 750, जपं सबलगढ़ की रूपा का तोर पंचायत सचिव ओमप्रकाश प्रजापति पर 2250, राजा का तोर पंचायत सचिव धीरज कंषाना पर 5 हजार, जपं कैलारस की किरावली जदीद सचिव रामजीलाल प्रजापति पर 500, जपं मुरैना की बानमोरखुर्द पंचायत सचिव केदार गुर्जर पर 1500 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

शहीद शिशुपाल का बलिदान देशभक्ति-राष्ट्रप्रेम का प्रणेता

मुरैना/अंबाह, 3 दिसंबर। सीआरपीएफ में देश की खातिर सेवाएं देते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीद उपनिरीक्षक शिशुपाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण बुधवार को अंबाह के लेन का पुरा में हुआ। इस मौके पर अंबाह विधायक देवेन्द्र सिंह सखवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रतिमा का अनावरण करते हुए विधायक श्री सखवार ने कहा कि शहीद शिशुपाल सिंह का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना की प्रेरणा देने वाला है। प्रतिमा अनवारण के मौके पर शहीद शिशुपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमलाबाई मौजूद थीं। प्रतिमा का स्पर्श कर श्रीमती कमलाबाई के नेत्रों से अश्रुधारा फूट पड़ी, जिसे देखकर वहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। शहीद शिशुपाल को पूर्व सैनिकों के दस्त ने विशेष सलामी दी। पूर्व सैनिकों के अनुशासित कदमताल और शौर्य ध्वनि से लग रहा था कि पूरा गांव साहसी सपूत शिशुपाल को अंतिम सम्मान देने आ गया है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल सखवार, सरपंच प्रदीप सखवार, पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर, लक्ष्मीनारायण आरौलिया, राजेश कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

सिंचाई विभाग के कर्मचारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

मुरैना, 3 दिसंबर। पिता की मौत के बाद सिंचाई विभाग में अनुकंपा नियुक्ति पर पदस्थ 28 वर्षीय युवक ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार शहर की दुर्गापुरी कॉलोनी में कपूरा के भट्टा के पास सविता का पुरा रोड पर रहने वाला सनी रजक 28 पुत्र स्व. दर्शनलाल रजक सिंचाई विभाग में कर्मचारी था। उसकी नियुक्ति पिता की मौत के बाद अनुकंपा के रूप में हुई थी। विवाहित सनी को उसकी पत्नी से एक ढाई साल की बेटी है। परिवार में तीन भाईयों में सनी सबसे छोटा है, बड़ा भाई रमेश है, जबकि दूसरा भाई विकलांग है। 30 नवंबर को भांजी की शादी में भात देने के लिए सनी अपनी पत्नी सहित परिवारीजनों के साथ गया था। शादी से 2 दिसंबर को लौटकर सनी घर पहुंचा था।

खेल प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

मुरैना, 3 दिसंबर। सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत 3 दिसंबर को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली गांव के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान हुए विभिन्न खेलों में स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने सहभागिता करते हुए खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

आयोजन के दौरान कबड्डी, रस्साकशी, खो-खो, वॉलीबॉल, दौड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन हुआ। इनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर आयोजन के विधानसभा प्रभारी बृजकिशोर डंडौतिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता मुंगावली मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने की। इस मौके पर मुंगावली पंचायत सरपंच रामभरोषी यादव, युवा नेता सूरज पाराशर सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने बताया कि विधानसभा स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जिलास्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अंजना

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 3 दिसंबर। नगर परिषद कैलारस में समीक्षा बैठक बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने की। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष श्रीमती बंसल ने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अध्यक्ष श्रीमती बंसल ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों से स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और स्ट्रीट लाईटों के खराब होने की शिकायतें लगातार मिल रहीं है। बैठक में सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया, उपयंत्री ऐश्वर्य गोयल, रामसिया साकेत, ओमप्रकाश धाकड़, राघवेंद्र जादौन, लक्ष्मण नामदेव, उपेन्द्र शर्मा, राकेश गुप्ता, अमृतलाल कुशवाह, रोहित करोसिया, रंजीत नरवरे, रहीस खान, मुकेश शाक्य, साहिल खान, सूरज जाटव, रामेश्वर कड़ेराए विशाल धौलपुरिया, वीरेन्द्र बाल्मिक, सुनील वाल्मीक आदि कर्मचारी मौजूद रहे है।

न्यायाधीशगणों ने जेल का निरीक्षण कर कैदियों से मुलाकात कर दिशा निर्देश दिए

सबलगढ़ 3 दिसम्बर। श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश महोदया के द्वारा सब जेल सबलगढ़ का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उनके साथ अजय कुमार चौहान द्वितीय जिला न्यायाधीश महोदय अभिषेक कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जेल में बनी बैरिकों, रसोईघर, चिकित्सा कक्ष आदि की सफाई व्यवस्था निरीक्षण करने के साथ-साथ बंदियों को विधिक जागरुक करते हुए निशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत अधिवक्ता प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी प्रदाय की एवं बंदियों से उनकी किसी भी प्रकार की समस्या जैसे प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता के होने या न होना, स्वास्थ्य, भोजन, सर्दी से बचाव हेतु ओढ़ने-बिछाने के पर्याप्त कपड़ों संबंधी जानकारी प्राप्त की एवं उपस्थित जेल स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये इस अवसर पर जेलर ओर जेल स्टाफ मौजूद रहा ।

जौरा नगर में आज से हटाए जाएंगे अतिक्रमण, कराई मुनादी

मुरैना/जौरा, 3 दिसंबर। नगर पालिका परिषद जौरा के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में सड़कों के किनारे और नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई आज 4 दिसंबर से की जाएगी। अतिक्रमण अभियान प्रभारी महेश कुमार सविता ने बताया कि 4 दिसंबर से शुरू होने वाले अभियान के तहत नाले-नालियों के ऊपर से अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।

आम सूचना

श्रीमती पूजा राठौर पत्नी श्री मुकेश राठौर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र .34 का भाग, स्थित बामौरकलां पी.एम.एस.जी.वाय.रोड से दूर, ग्राम बामौरकलां, प.ह.नं.00020, तहसील बामौर एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र .928/1/1/2 ग्राम बामौरकलां का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड क्र .26 एवं 27, पश्चिम में भूखण्ड क्र .34 का भाग लालो, उत्तर में- रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र .33 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री श्यामसुंदर पुत्र श्री सुदर्शन के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री श्यामसुंदर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती राजेश्वरी शर्मा पत्नी श्री श्यामसुंदर, श्री अनूप, श्री प्रियादर्शन शर्मा, श्री सचिन शर्मा पुत्रगण स्व. श्री श्यामसुंदर शर्मा उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री प्रियादर्शन शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूजा राठौर पत्नी श्री मुकेश राठौर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी27आईजीआर 17912025ए100331693 दिनांक 19.05.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती पूजा राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगमअथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट,
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश बिहार
फैडरल बैंक के पास 982767277
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710